Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO) प्रश्न-पत्र 2024-25

कक्षा 10

कुल प्रश्न : 50 + 5 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 60

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **50 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. इस प्रश्न-पत्र को दो खण्डों में बाँटा गया है—**सेक्शन 'A'** और **सेक्शन 'B'**। सेक्शन A में 40 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है तथा सेक्शन B में 10 प्रश्न हैं, जो उच्च चिंतन कौशल पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेन्सिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।

   ● ○ ○ ○

4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेन्सिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #181

HI10

BLOOM CAP
Founded by arihant

## सेक्शन 'A' (1 अंक)

**1.** हिन्दी भाषा के विकास का शिशु काल कौन-सा है?
(a) आधुनिक काल (b) मध्यकालीन हिन्दी
(c) प्राचीन हिन्दी (d) आधुनिक हिन्दी

**2.** 'सांध्यगीत' किसकी रचना है?
(a) महादेवी वर्मा (b) उषा प्रियवम्बदा
(c) कृष्णा सोबती (d) सुभद्रा कुमारी चौहान

**3.** हम अपने देश पर मर मिटेंगे। रेखांकित शब्द का पद परिचय है
(a) पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग, अधिकरण कारक
(b) निजवाचक सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(c) संज्ञा जाति वाचक संज्ञा पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक
(d) संज्ञा, व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

**4.** सम्बन्धवाचक सर्वनाम का सही प्रयोग कौन-सा है?
(a) जो पढ़ेंगे, सफल होंगे। (b) यह किताब अच्छी है।
(c) तुमने क्या किया? (d) वह घर चला गया।

**5.** 'वह भोजन करके विद्यालय जाता है।' इस वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए।
(a) वह भोजन करता है और विद्यालय जाता है।
(b) वह भोजन करने के बाद ही विद्यालय जाता है।
(c) भोजन के बाद वह विद्यालय भी गया।
(d) उसने भोजन किया, उसके बाद विद्यालय गया।

**6.** ऐसा छन्द जिसके प्रथम व तृतीय चरण में 13-13 तथा द्वितीय व चतुर्थ चरण में 11-11 मात्राएँ होती हैं, क्या कहलाता है?
(a) चौपाई (b) दोहा
(c) सोरठा (d) रोला

**7.** पद क्या है?
(a) स्वतन्त्र सार्थक ध्वनि समूह (b) वर्ण समूह
(c) वाक्य में प्रयुक्त शब्द (d) पूर्ण वाक्य

**8.** जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे कहते हैं
(a) विशेष्य (b) विशेषण
(c) विशेषण एवं विशेष्य (d) विशिष्ट

**9.** हिन्दी के शब्दों का लिंग निर्धारण किसके आधार पर होता है?
(a) प्रत्यय (b) संज्ञा
(c) क्रिया (d) सर्वनाम

**10.** 'पीपर पात सरिस मन डोला' में कौन-सा अलंकार है?
(a) उत्प्रेक्षा (b) उपमा
(c) रूपक (d) अन्योक्ति

**11.** निम्नांकित में महाप्राण अघोष वर्ण कौन हैं?
(a) च तथा छ (b) झ तथा ध
(c) ग तथा ज (d) क तथा त

**12.** बुन्देली किस उपभाषा समूह की बोली है?
(a) राजस्थानी हिन्दी (b) बिहारी हिन्दी
(c) पूर्वी हिन्दी (d) पश्चिमी हिन्दी

**13.** अव्ययीभाव समास का उदाहरण है
(a) घुड़वच (b) अमचूर
(c) प्रत्यक्ष (d) बदरंगा

**14.** 'जूठन' आत्मकथा के लेखक हैं
(a) तुलसीराम (b) कंवल भारती
(c) ओमप्रकाश वाल्मीकि (d) इनमें से कोई नहीं

**15.** 'सिन्धी' किस भाषा परिवार से सम्बन्धित है?
(a) द्रविड़ (b) आर्य भाषा
(c) तिब्बती-बर्मी (d) ऑस्ट्रो-एशियाटिक

**16.** किस वाक्य में क्रिया रूप भाववाच्य में है?
(a) उससे गाया नहीं जा सका। (b) मैं व्यायाम करता हूँ।
(c) बच्चों ने चित्र बनाए। (d) दादी कहानी सुनाएगी।

**17.** 'छात्रा भावभीनी श्रद्धांजलि दे रही है।' वाक्य का कर्मवाच्य रूप क्या होगा?
(a) छात्रा भावभीनी श्रद्धांजलि दे रही होगी।
(b) छात्रा द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है।
(c) छात्रा भावभीनी श्रद्धांजलि दे रही थी।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**18.** 'साहसी लड़का' में 'साहसी' में कौन-सा पदबन्ध है?
(a) विशेषण पदबन्ध (b) क्रिया पदबन्ध
(c) संज्ञा पदबन्ध (d) क्रिया-विशेषण पदबन्ध

**19.** 'आरती कीजै हनुमान लला की' किसकी रचना है?

(a) रामानुजाचार्य (b) रामानन्द
(c) तुलसीदास (d) नाभादास

**20.** चौपाई छन्द है

(a) अर्द्ध सममात्रिक (b) विषम मात्रिक
(c) वार्णिक (d) सममात्रिक

**21.** 'भक्तों द्वारा भजन गाए गए।' वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य कर्तृवाच्य में है?

(a) गार्ड ने ट्रेन रोकी। (b) गार्ड द्वारा ट्रेन रोकी गई।
(c) गार्ड से ट्रेन रुकी। (d) गार्ड को ट्रेन रोकनी पड़ी।

**23.** निम्न में कौन-सा अलंकार नहीं है?

(a) यमक (b) अतिश्योक्ति
(c) चौपाई (d) अन्योक्ति

**24.** 'अवमानना' शब्द में कौन-सा उपसर्ग और प्रत्यय उपयोग हुआ है?

(a) उपसर्ग–अव, प्रत्यय–ना
(b) उपसर्ग–अवमान, प्रत्यय–ना
(c) उपसर्ग–आ, प्रत्यय–मान
(d) उपसर्ग–मा, प्रत्यय–ना

**25.** 'स्वच्छ' किस सन्धि का उदाहरण है

(a) अयादि सन्धि (b) व्यंजन सन्धि
(c) विसर्ग सन्धि (d) यण् सन्धि

**26.** सेत सेत सब एक से, जहाँ कपूर कपास।
ऐसे देश कुदेश में कबहुं न कीजै बास।।
उपर्युक्त लोकोक्ति का अर्थ है

(a) जहाँ मूर्ख हों, वहाँ वास नहीं करना चाहिए
(b) जहाँ कपूर कपास अच्छे मिलते हों
(c) जहाँ देश को कुदेश कहा जाता हो
(d) जहाँ राजा, फकीर हो

**27.** 'और' किस प्रकार का निपात है?

(a) सम्बन्धसूचक (b) समयसूचक
(c) क्रियासूचक (d) संकल्पसूचक

**28.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में अर्द्धविराम (;) का सही प्रयोग हुआ है?

(a) सुभाष ने योजना बनाई; फिर भी सब कुछ योजना के अनुसार नहीं हुआ।
(b) सुभाष ने योजना बनाई, फिर भी; सब कुछ योजना के अनुसार नहीं हुआ।
(c) सुभाष ने योजना बनाई; फिर भी; सब कुछ योजना के अनुसार नहीं हुआ।
(d) सुभाष ने योजना बनाई; फिर; भी सब कुछ योजना के अनुसार नहीं हुआ।

**29.** 'अधिष्ठान' शब्द का सही अर्थ क्या है?

(a) प्रारम्भिक (b) मुख्य केन्द्र या आधार
(c) अन्त (d) निष्क्रिय

**30.** रमेश सरकारी नौकरी के लिए इधर-उधर .............. रहा है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(a) हवा खाना (b) खाक छानना
(c) मेहनत करना (d) दादागिरी करना

**31.** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) श्रीमति (b) व्यवहारिक
(c) ग्रहिणी (d) सामाजिक

**32.** 'कितनी नावों में कितनी बार' कविता के रचनाकार कौन हैं?

(a) अज्ञेय (b) मुक्तिबोध
(c) गाँधीजी (d) हरिवंशराय बच्चन

**33.** रसराज है

(a) श्रृंगार रस (b) वीर रस
(c) करुण रस (d) शान्त रस

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'सागर' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) पयोधि (b) रत्नाकर
(c) वारीश (d) निर्जर

**35.** स्थायी भाव क्या है?

(a) भय (b) उत्साह
(c) क्रोध (d) आश्चर्य

**36.** निम्न में से कौन-सी उपभाषाएँ हैं?

(a) खोरठा (b) मालवी

(c) बुन्देली (d) ये सभी

**37.** मुनि + ईश के योग से बना 'मुनीश' शब्द किस सन्धि का उदाहरण है?

(a) दीर्घ सन्धि (b) अयादि सन्धि

(c) गुण सन्धि (d) वृद्धि सन्धि

**38.** प्रतिवेदन की भाषा ········होनी चाहिए।

(a) सरल (b) सुगम

(c) व्यावहारिक (d) ये सभी

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 39-40) दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मत काटो तुम ये पेड़, हैं ये लज्जावसन
इस माँ वसुंधरा के, इस संहार के बाद
अशोक की तरह सचमुच, तुम बहुत पछताओगे
बोलो फिर किसकी गोद में सिर छिपाओगे
शीतल छाया फिर कहाँ से पाओगे?
कहाँ से पाओगे फिर फल?
कहाँ से मिलेगा।
शस्य-श्यामला को सींचनेवाला जल?
रेगिस्तानों में तब्दील हो जाएँगे खेत
बरसेंगे कहाँ से घुमड़कर बादल?
थके हुए मुसाफिर
पाँएगे कहाँ से श्रमहारी छाया?

**39.** मत काटो तुम ये पेड़, हैं ये लज्जावसन
उपर्युक्त पंक्ति में 'लज्जावसन' से क्या तात्पर्य है?

(a) लज्जा जिसका व्यसन बन गई हो

(b) लज्जावान व्यक्ति

(c) निर्लज्ज व्यक्ति

(d) लज्जा ही जिसके वसन अर्थात् वस्त्र हों

**40.** काव्यांश की किन पंक्तियों में पेड़-पौधों के नाश के बाद पछताने की बात की गई है?

(a) थके हुए मुसाफिर/पाएँगे कहाँ से श्रमहारी छाया?

(b) शस्य-श्यामला को सींचने वाला जल?/रेगिस्तानों में तब्दील हो जाएँगे खेत।

(c) इस माँ वसुंधरा के इस संहार के बाद/अशोक की तरह सचमुच, तुम बहुत पछताओगे।

(d) शीतल छाया फिर कहाँ से पाओगे? कहाँ से पाओगे फिर फल?

## सेक्शन 'B' (2 अंक)

**41.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | जानने की इच्छा रखने वाला | 1. | अल्पाहारी |
| B. | जो ऊपर कहा गया हो | 2. | वाचाल |
| C. | जो कम खाता हो | 3. | जिज्ञासु |
| D. | जो कम बोलता हो | 4. | उपर्युक्त |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 | (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 | (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**42.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | कोष्ठक चिह्न | 1. | 0 |
| B. | हंसपद चिह्न | 2. | ( ) |
| C. | लाघव चिह्न | 3. | – |
| D. | निर्देशक चिह्न | 4. | λ |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 | (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 | (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**43.** शुद्ध शब्द हैं

1. आशीर्वाद 2. ज्योत्स्ना

3. उज्ज्वल 4. श्रृंगार

**कूट**

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3

(c) 2, 3 और 4 (d) ये सभी

**44.** 'अ' उपसर्ग का सही प्रयोग निम्नलिखित में से किन वाक्यों में हुआ है?

1. यह एक असामान्य घटना है।
2. वह किताब अमूल्य है।
3. वे अनायास ही रोने लगे।
4. यह एक अच्छा गाना है।

**कूट**

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3

(c) 1 और 4 (d) ये सभी

**45.** **कथन** (A) उपमेय और उपमान में अभेद आरोप होने से रूपक अलंकार होता है।

**कारण** (R) चरण-कमल बंदौ हरिराई में रूपक अलंकार है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**46.** **कथन** (A) संज्ञा और सर्वनाम दोनों वाक्यों में वस्तुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन संज्ञा विशेष नाम को इंगित करती है, जबकि सर्वनाम संज्ञाओं को दोहराव से बचाने के लिए स्थानापन्न करता है।

**कारण** (R) संज्ञा लोगों, स्थानों या चीजों के नाम के लिए उपयोग की जाती है

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**47.** **कथन** (A) हिन्दी व्याकरण में उपसर्ग का उपयोग मूल शब्द के अर्थ और उसके व्याकरणिक कार्य को बदल सकता है।

**कारण** (R) उपसर्ग वे प्रत्यय होते हैं जो मूल शब्दों के अर्थ को विशेष सूक्ष्मताओं या सन्दर्भों को जोड़कर बदलते हैं।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**48.** निम्नलिखित में से कौन-से वर्ण उनके उच्चारण स्थान से सुमेलित हैं?

1. कण्ठ–क, ख, ग
2. तालु–च, छ, य
3. दन्त–त, थ, ठ
4. मूर्द्धा–न, स, र, ल

**कूट**

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3

(c) 2 और 3 (d) 4 और 3

**49.** रचना एवं रचनाकार का सही विकल्प क्या है?

1. पल्लव–जयशंकर प्रसाद
2. उर्वशी–रामधारी सिंह दिनकर
3. वीरों का कैसा हो वसन्त–सुभद्रा कुमारी चौहान
4. सुहाग के नूपुर–अमृतलाल नागर

**कूट**

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3

(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**50.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (नाटक) | | **सूची II** (रचनाकार) |
|---|---|---|---|
| A. | संन्यासी | 1. | जयशंकर प्रसाद |
| B. | आधे अधूरे | 2. | लक्ष्मीनारायण मिश्र |
| C. | भारत दुर्दशा | 3. | मोहन राकेश |
| D. | चन्द्रगुप्त | 4. | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

# Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | खिलवाना | 1. | सम्मिश्र धातु |
| B. | ललचाना | 2. | अनुकरणात्मक धातु |
| C. | तेज करना | 3. | व्युत्पन्न धातु |
| D. | भिनभिनाना | 4. | नामधातु |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**2.** दिए गए कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

1. 'दुर्' उपसर्ग का प्रयोग अघोष ध्वनियों से पूर्व किया जाता है।
2. 'दुस्' उपसर्ग का प्रयोग सघोष ध्वनियों से बनने वाले शब्दों में किया जाता है।

**कूट**

(a) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं
(b) कथन 1 सही है, परंतु कथन 2 गलत है
(c) कथन 1 गलत है, परंतु कथन 2 सही है
(d) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं

**3.** दिए गए कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

1. संवाद लिखते समय संवादों में क्रमबद्धता होनी चाहिए।
2. संवादों में विषय के अनुकूल व्यंग्य, हास्य तथा सजीवता होती है।

**कूट**

(a) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं
(b) कथन 1 सही है, परंतु कथन 2 गलत है
(c) कथन 1 गलत है, परंतु कथन 2 सही है
(d) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं

**4.** निम्न में से किस विकल्प में दिए गए उदाहरण में विसर्ग संधि है?

1. संवाद 2. सञ्चय 3. मनोयोग 4. दुर्गुण

**कूट**

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1 और 4

**5.** हिन्दी भाषा का विकास किन भाषाओं से माना जाता है?

1. शौरसेनी 2. पालि
3. प्राकृत 4. अर्द्धमागधी अपभ्रंश

**कूट**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1 और 4